## BIHAR SPONGE IRON LIMITED

CIN: L27106JH1982PLC001633

Registered office: Umesh Nagar, Chandil District Saraikela Khasawan, Jharkhand-832401

Email : companysecretary@bsil.org.in / web : www.bsil.org.in

**STATEMENT OF STANDALONE AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER/FINANCIAL YEAR ENDED ON 31ST MARCH, 2017**

Rs. in Thousands

| Sr. No. | Particulars | Quarter ending on 31.03.2017 Audited | Quarter ended on 31.03.2016 Audited | Year Ended on 31.03.2017 Audited | Year Ended on 31.03.2016 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations (Net) | 11,110 | 7,579 | 24,262 | 23,470 |
| 2 | Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | (2,482) | (19,698) | (47,809) | (58,706) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after extra ordinary items) | (9,650) | (19,698) | (37,659) | (58,706) |
| 4 | Paid-up equity share capital ( Face Value of Rs. 10/- each ) | 902,054 | 902,054 | 902,054 | 902,054 |
| 5 | Reserve excluding Revaluation Reserves as per balance sheet of previous accounting year | (2,178,851) | (2,141,192) | (2,178,851) | (2,141,192) |
| 6 | Earnings Per Share (EPS) (before extraordinary items) ( in Rs.) (not annualised) : | | | | |
| a | Basic | -0.11 | -0.22 | -0.42 | -0.65 |
| b | Diluted | -0.11 | -0.22 | -0.42 | -0.65 |
| 7 | Earnings Per Share (EPS) (after extraordinary items) ( in Rs.) (not annualised) : | | | | |
| a | Basic | -0.11 | -0.22 | -0.42 | -0.65 |
| b | Diluted | -0.11 | -0.22 | -0.42 | -0.65 |

**NOTE:**

The above is an extract of the detailed format of the financial results for the Quarter and year ended 31st March, 2017, filed with the Stock Exchanges. The full format of the financial results for the Quarter and year ended on 31st March, 2017 is available on the website of the Stock Exchange www.bseindia.com and on Company's website www.bsil.org.in.

For BIHAR SPONGE IRON LIMITED
Sd/-
U. K. Modi
(Chairman)
(DIN: 00002757)

Place:NEW DELHI
Date : 29th May, 2017

## MGF THE MOTOR & GENERAL FINANCE LIMITED

REGD. OFFICE : MGF HOUSE , 4 / 17B, ASAF ALI ROAD, NEW DELHI 110002.
CIN : L74899DL1930PLC000208, Email ID: mgfltd@hotmail.com,
Website : http://www.mgfltd.com, Phone : 23272216-18, 23278001-02

**Statement of Standalone Audited Results for the Quarter and Year ended March 31, 2017**

(₹ in Lakhs)

| Part I | | Standalone | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | | Year Ended | |
| Sr. No. | Particulars | March 31, 2017 Audited | December 31, 2016 Reviewed | March 31, 2016 Audited | March 31, 2017 Audited | March 31, 2016 Audited |
| 1 | **Income from Operations** | | | | | |
| | (a) Net Income from Operations | 310.83 | 310.34 | 355.56 | 1321.85 | 1382.74 |
| 2. | **Expenses** | | | | | |
| | (a) Employee benefits expense | 60.51 | 65.70 | 78.24 | 273.07 | 286.37 |
| | (b) Depreciation expense | 66.85 | 20.08 | 24.92 | 125.15 | 99.74 |
| | (c) Rates & Taxes | 109.14 | 50.12 | 111.39 | 259.49 | 265.09 |
| | (d) Transport, travelling and motor car expenses | 18.91 | 21.12 | 23.02 | 77.48 | 87.47 |
| | (e) Legal & professional charges | 21.86 | 14.38 | 23.91 | 63.37 | 78.81 |
| | (f) Rent | 1.10 | 1.06 | 1.05 | 4.24 | 4.12 |
| | (g) Amount irrecoverable written off | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.27 |
| | (h) Other Expenses | 103.67 | 67.84 | 76.70 | 298.56 | 327.90 |
| | **Total Expenses** | **382.04** | **240.30** | **339.23** | **1101.36** | **1149.77** |
| 3 | **Profit/(Loss) from Operations before Other Income, Finance Cost and Exceptional Items (1-2)** | **(71.21)** | **70.04** | **16.33** | **220.49** | **232.97** |
| 4 | Other Income | 56.32 | 55.12 | 441.44 | 227.10 | 605.51 |
| 5 | Provision for NPA/diminution in investment | (34.76) | - | (94.40) | (34.76) | (94.40) |
| 6 | **Profit/(Loss) from Ordinary activities before Finance Cost and Exceptional Items (3+4+5)** | **(49.65)** | **125.16** | **363.37** | **412.83** | **744.08** |
| 7 | Finance Cost (Interest) | 109.25 | 119.81 | 105.23 | 481.96 | 550.10 |
| 8 | **Profit/(Loss) from Ordinary Activities after Finance Cost but before Exceptional Items (6-7)** | **(158.90)** | **5.35** | **258.14** | **(69.13)** | **193.98** |
| 9 | Exceptional Items | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 10 | **Profit/ (Loss) from Ordinary Activities before Tax (8-9)** | **(158.90)** | **5.35** | **258.14** | **(69.13)** | **193.98** |
| 11 | Tax Expense (inclusive of earlier years) | 15.00 | 0.00 | 71.40 | 15.00 | 73.50 |
| 12 | Deferred Tax | 50.06 | 0.00 | 20.82 | 50.06 | 20.82 |
| 13 | **Net Profit /(Loss) from Ordinary Activities after Tax (10-11+12)** | **(123.84)** | **5.35** | **207.56** | **(34.07)** | **141.30** |

Registered Office :-

FOR THE Q

| S. N. | Partic |
|---|---|
| 1 | Total Income from Operations (n |
| 2 | Net Profit for the period (Before T and/or Extraordinary Items) |
| 3 | Net Profit for the period before Ta and/or Extraordinary Items) |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period a (after Exceptional and/or Extraor |
| 5 | Total Comprehensive Income fo [Comprising Profit / (Loss) for the and Other Comprehensive Incor |
| 6 | Equity Share Capital (Having Fac |
| 7 | Reserves (excluding Revaluatio in the Audited Balance Sheet of t |
| 8 | Earnings Per Share (before Extr (Face Value of Re.10/- each) Basic: Diluted: |

Notes:

1. The above results are an extract o Nine Months ended on 31st Decem Requirements) Regulations, 2015. months ended 31st December, 20 Company's Website at (www.ankai
2. Figures of previous period have be

Date : 30.05.2017
Place : Gurgaon

Regd. Off. : Villa

Web:

STA ... UDITED F

| Sr. No. | Particulars |
|---|---|
| 1 | Total Income from Operations ( |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the perio Tax, Exceptional and/or Extrao items) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the perio tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period |

## सार समाचार

### मोदी कोच्चि मेट्रो का उद्घाटन करेंगे

**तिरुवंतपुरम, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 जून को केरल के अलुवा में कोच्चि मेट्रो का उद्घाटन करेंगे। सूत्रों ने बताया कि कोच्चि मेट्रो की लागत 5,180 करोड़ रुपए आई है। मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन के कार्यालय को नई दिल्ली से इस संबंध में एक पत्र मिला है जिसमें इस कार्यक्रम में मोदी के शामिल होने की पुष्टि की गई है। यह मेट्रो लाइन अलुवा और पलारईवट्टोम के बीच चलेगी जिसकी लम्बाई 13 किलोमीटर है जबकि अलुवा और पेट्टा के बीच 12 किलोमीटर लम्बी मेट्रो लाइन अगले चरण में पूरी होगी। उद्घाटन की तिथि को लेकर अनिश्चितता के बाद राज्य के देवास्वोम मंत्री ने इससे पूर्व एक विवादित बयान दिया था कि मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन 30 मई को इस परियोजना का उद्घाटन करेंगे।

### गोवा के स्थापना दिवस पर बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर वहां के लोगों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने ट्वीटर संदेश में कहा 'राज्य के स्थापना दिवस पर गोवावासियों को बधाई। मैं ईश्वर से कामना करता हूं कि आने वाले समय में गोवा विकास और समृद्धि की नयी ऊंचाइयों को छुए।' गोवा मंगलवार को अपना 30 वां स्थापना दिवस मना रहा है।

### सड़ चुकी है उप्र की पुलिस व्यवस्था

**गाजियाबाद (उप्र), भाषा।** भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश का पुलिस विभाग पिछले 15 वषरें में सड़ चुका है और पिछली सरकारों ने अधिकारियों से रिश्वत लेकर उनकी तैनाती की होगी। मेनका ने यहां संवाददाताओं से बात करते हुए कानून व्यवस्था की स्थिति के लिए पिछली सरकारों को दोषी ठहराया और कहा कि राज्य में पुलिस व्यवस्था अराजक स्थिति में है तथा इसे ठीक करना होगा। जेवर-बुलंदशहर लूटपाट और कथित बलात्कार की घटना की निंदा करते हुए कहा कि राजमार्गों पर सही से गश्त नहीं होने की वजह से यह घटना हुई।

प्रशासन/राजनीति

# लालू को लेकर नया खुलासा!

**यादव ने फायदा पहुंचाने के एवज में सहकारिता के तहत मिले पांच प्लॉटों पर कब्जा कर लिया।**

**पटना ■ वार्ता**

बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)विधानमंडल दल के नेता एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने 'मंत्री और विधान पार्षद बनाने के बदले जमीन' मामले को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं उनकी पत्नी पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के खिलाफ जारी आरोपों की कड़ी में नया खुलासा करते हुये कहा कि श्री यादव ने फायदा पहुंचाने के एवज में पार्टी सदस्यों को विधायक सहकारिता के तहत मिले पांच प्लॉटों पर कब्जा कर लिया। श्री मोदी ने यहां जनता दरबार के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध कराकर मामले का खुलासा करते हुये कहा, श्री यादव ने रेलमंत्री के कार्यकाल के दौरान पद का दुरुपयोग करते हुये बिहार सांसद एवं विधानमंडल सदस्य सहकारी गृह निर्माण समिति के तहत एक से अधिक प्लॉट अपने नाम लिखवा लिया जो पूरी तरह से गैर कानूनी है। साथ ही राजद अध्यक्ष ने



विधान पार्षद बनाने के एवज में पार्टी सदस्य बादशाह प्रसाद आजाद से लाखों रुपये मूल्य का प्लॉट केवल 37 हजार रुपये में लिखवाया।

भाजपा नेता ने कहा कि इस प्रकार लाभ पहुंचाने के एवज में श्री यादव ने सहकारिता के कुल पांच प्लॉटों प्लॉट संख्या 207, 208, 209, 210 और 211 पर व्यवहारिक रूप से कब्जा कर लिया है जबकि सहकारी समिति के बायलॉज के प्रावधान के अनुसार किसी भी सदस्य को एक से अधिक प्लॉट लेने की अनुमति नहीं होगी। श्री मोदी ने सवालिया लहजे में कहा कि जब सहकारी समिति के बायलॉज में एक ही प्लॉट आवंटित करने का प्रावधान है तो फिर तत्कालीन रेल मंत्री श्री यादव एवं उनकी पत्नी राबड़ी देवी (पूर्व मुख्यमंत्री) ने पद का लाभ उठाकर पूर्व विधान पार्षद बादशाह प्रसाद आजाद से प्लॉट संख्या 2017 केवल 37 हजार रुपये में कैसे लिखवा लिया।

भाजपा नेता ने लालू परिवार द्वारा कब्जा किये गये एक से अधिक प्लॉटों का विवरण देते हुये कहा कि श्रीमती राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री पद के प्रभाव का बेजा इस्तेमाल कर पूर्व मंत्री सुधा श्रीवास्तव से प्लॉट संख्या 151 और फिर राजद कोटे से राज्य के वर्तमान वित्त मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी से अदला-बदली के नाम पर प्लॉट संख्या 209 लिखवा लिया। उन्होंने कहा कि इन प्लॉटों का हस्तांतरण सहकारिता समिति के बायलॉज के प्रावधानों का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि जमीन देकर मंत्री बनने वालों की सूची में श्रीमती कांति सिंह और रघुनाथ झा के बाद अब श्री बादशाह प्रसाद आजाद, श्रीमती सुधा श्रीवास्तव एवं श्री अब्दुल बारी सिद्दीकी का नाम भी जुड़ गया है।

## दूषित भोजन से आठ बच्चों की मौत

**नोंगपोह ■ वार्ता**

मेघालय के री-भोई जिले में दूषित भोजन करने से आठ बच्चों की मौत हो गयी और 200 से अधिक लोग गंभीर रूप से बीमार हो गये। पुलिस उपायुक्त सी पी गोटमारे ने बताया कि उम्जिंग थाना क्षेत्र के नोंगक्या गांव में रविवार को एक चर्च में प्रार्थना सभा के बाद भोजन करने से 200 से अधिक लोग गंभीर रूप से बीमार हो गये जिनमें कुछ बच्चे भी शामिल थे। इनमें से तीन बच्चों की कल मौत हो गयी और पांच बच्चों ने आज इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। श्री गोटमारे ने कहा हमने स्थिति से निपटने के लिए जिले में मौजूद चिकित्सकीय दल का सहयोग करने के लिये शिलॉन्ग से अतिरिक्त चिकित्सकों को बुलाया है। उन्होंने बताया कि इस घटना के मजिस्ट्रेट से जांच के आदेश दे दिये गये हैं। वह जांच की रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले में कोई टिप्पणी करेंगे।

रिभोई जिले के चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी बरेह पी लमीन ने बताया कि रविवार को गांव में एक चर्च की स्थापना के बाद आयोजित एक भोज में नोनगक्या गांव के सैकड़ों लोग शामिल हुये जिसमें से कई लोगों को एनईआईजीआर आईएचएमएस सहित शिलांग के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि 30 से अधिक मरीजों को सीएचसी में भर्ती कराया गया और 25 को नोनगपोह में भर्ती कराया गया। लमीन ने बताया कि रविवार शाम में आयोजित भोज में सूअर का मांस और चावल खाने के बाद ग्रामीण बीमार हो गये।

### बसपा के पूर्व विधायकों की हो जांच

**बरेली, वार्ता।** केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री संजीव बालियान ने सहारनपुर के जातीय संघर्षों में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के दो पूर्व विधायकों की भूमिका की जांच की मांग करते हुए दावा किया कि 2013 में मुजफ्फरनगर के दंगों के लिए समाजवादी पार्टी(सपा) नेता आजम खां जिम्मेदार थे।

श्री बालियान ने आरोप लगाया कि बसपा के दो पूर्व विधायकों ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को जातीय और सांप्रदायिक संघर्ष में धकेल दिया है। दंगे की जाँच गहन स्तर पर चल रही है कई लोग चिन्हित किये जा चुके है। दोषियों को जेल जाना होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने आज यहां पत्रकारों से कहा कि सहारनपुर दंगे में भीम आर्मी को फंडिंग करने वाले बसपा के दो पूर्व विधायक हैं।

### अमित शाह-भागवत की बंद कमरे में बैठक

**नागपुर, भाषा।** देश भर में भाजपा के विस्तार की योजनाओं की पृष्ठभूमि में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। आरएसएस मुख्यालय में बंद कमरे में हुई बैठक ढाई घंटे चली लेकिन उसमें किन मुद्दों पर चर्चा हुई, इसकी जानकारी नहीं मिली है। इससे पहले दिन में शाह और भागवत दोनों नयी दिल्ली से एक ही उड़ान से यहां पहुंचे थे। शाह नागपुर पहुंचने के साथ भाजपा की प्रदेश कोर समिति के सदस्यों के साथ बैठक के लिए सीधा रवि भवन गए। बैठक में विधायक और समिति के दूसरे सदस्य मौजूद थे। इस दौरान शाह ने उनसे जनता तक पहुंचने को कहा। भाजपा की शहर इकाई के अध्यक्ष सुधाकर कोहाले ने पीटीआई-भाषा से कहा, बैठक के दौरान शाह ने पार्टी के लिए बूथ स्तर पर विस्तार की रणनीति के बारे में बात की। उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों एवं अन्य नेताओं से पार्टी के बूथ स्तर के कामकाज को मजबूत करने और समाज के सबसे निचले तबके तक पहुंचने को कहा।

### चारा घोटालः लालू को पेश होने का आदेश

**रांची,वार्ता।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने चारा घोटाले के एक नियमित मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को नौ जून को हाजिर होने का नोटिस जारी किया है, विशेष न्यायाधीश एस. एस. प्रसाद की अदालत ने इस मामले में राजद सुप्रीमो श्री यादव को पेश होने का नोटिस जारी किया है। इसी मामले में बिहार के एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री डा. जगन्नाथ मिश्र और झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव सजल चक्रवती यहां अदालत में पेश हुए और जमानत के लिए एक-एक लाख का दो मुचलका भरा। वहीं, चारा घोटाला के दो अन्य मामले में भी इन सभी पर सम्मन जारी किया गया है। मामले में अगली सुनवाई के लिए सात एवं आठ जून की तिथि निश्चित की गयी है।

### सीएम योगी करेंगे रामलला का दर्शन

**अयोध्या, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 'रामलला' का दर्शन करने वाले राज्य के दूसरे मुख्यमंत्री होंगे। वह बुधवार को सुबह करीब नौ बजकर 15 मिनट पर अयोध्या पहुंचेंगे। योगी के पहले 1991 में मुख्यमंत्री बनने के बाद कल्याण सिंह ने रामलला का दर्शन किया था। उनके साथ मंत्रिमण्डल के कई सहयोगी भी थे। सिंह ने जिस समय रामलला का दर्शन किया था उस समय विवादित ढांचा विद्यमान था लेकिन योगी के समय ढांचा नहीं है और 'रामलला' मेकशिफ्ट स्ट्रक्चर में स्थापित हैं। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) सूत्रों के अनुसार योगी रामलला के दर्शन के साथ ही हनुमानगढ़ी में हनुमान जी के दर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री का श्रीराम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव में भी शामिल होने का कार्यक्रम है। जन्मोत्सव मणिराम दास जी की छावनी में मनाया जा रहा है। योगी इसके अलावा फैजाबाद मण्डल की कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की भी समीक्षा करेंगे।

### मुलायम को भी बनाया जाए आरोपी

**लखनऊ,वार्ता।** बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) सांसद विनय कटियार ने समाजवादी पार्टी(सपा) के संरक्षक मुलायम सिंह यादव को अयोध्या मामले में आरोपी बनाने की मांग की है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो(सीबीआई) की विशेष अदालत में पेश होने आये श्री कटियार ने कहा कि श्री यादव ने स्वयं स्वीकार किया है कि 30 अक्टूबर और दो नवम्बर 1990 को उन्होंने गोली चलवाकर मस्जिद बचायी थी। गोली चलने की वजह से 16 लोगों की मृत्यु की बात भी उन्होंने स्वीकारी थी। इसलिए उनपर भी मुकदमा चलना चाहिए। भाजपा के फायरब्राण्ड नेता ने कहा कि अदालत में पेश होने आये हैं। अदालत का जो आदेश होगा, उसे मानेंगे लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि गोली चलाने की बात स्वीकार करने वाले के खिलाफ कुछ न किया जाये।

### करूणानिधि को ई-ग्रिटिंग के लिए पोर्टल

**चेन्नई,भाषा।** द्रमुक प्रमुख एम करूणानिधि को तीन जून को उनके 94वें जन्मदिन पर शुभकामना देने के ईच्छुक पार्टी कार्यकर्ता अब ऑनलाइन बधाई संदेश भेज सकते हैं। इस उद्देश्य के लिए एक पोर्टल शुरू किया गया। द्रमुक के कार्यकारी अध्यक्ष और करूणानिधि के बेटे एम के स्टालिन ने अपना पहला शुभकामना संदेश देते हुये 'विशथेलावरडॉटकॉम' वेबसाइट का उद्घाटन किया। स्वास्थ्य कारणों से पिछले कई महीनों से करूणानिधि सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए हैं। स्टालिन ने रविवार को कहा था कि डॉक्टरों से अनुमति मिलने पर पूर्व मुख्यमंत्री अपने जन्मदिन समारोह में शामिल हो सकते हैं।

प्रादेशिक : समाचार

## हेलीकॉप्टर का मलबा मुंबई ले जाया गया

**मुंबई ■ भाषा**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हेलीकॉप्टर का मलबा हादसे की जांच के क्रम में मुंबई ले जाया गया है। पिछले हफ्ते फड़णवीस को ले जा रहा यह हेलीकॉप्टर नीचे गिर पड़ा था। लातूर से करीब 45 किलोमीटर दूर निलंगा में गत 25 मई को उड़ान भरने के बाद हेलीकॉप्टर तारों में अटकने के कारण नीचे गिर पड़ा था। इसमें फडणवीस और चालक दल के दो सदस्यों सहित पांच अन्य लोग सवार थे जो सुरक्षित बच गए थे और उन्हें कोई चोट नहीं आई थी

हादसे के समय मुख्यमंत्री निलंगा में किसानों के साथ एक कार्यक्रम के बाद मुंबई जा रहे थे। नागर विमानन मंत्रालय के तहत विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो :एआईबीः ने घटना की जांच शुरू की थी। लातूर के कलेक्टर जी श्रीकांत ने बताया कि जांच अधिकारियों ने घटनास्थल से हेलीकॉप्टर का मलबा बीती रात मुंबई भेज दिया गया।

श्रीकांत ने कहा, नागरिक उड्डयन निदेशालय (डीजीसीए) और एआईबी ने कल हमें बताया कि वे मलबे को भेजने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, वे इसे मुंबई के जुहू ले जाने के लिए मल्टी एक्सेल ट्रेलर लेकर आए।

श्रीकांत ने बताया कि मलबा ले जा रहे हेलीकॉप्टर ने बीती रात लातूर से मुंबई के जुहू के लिए उड़ान भरी। मुख्यमंत्री के दौरे के लिए अस्थाई हेलीपैड के मुद्दे पर कलेक्टर ने कहा कि सुरक्षा के साथ किसी स्तर पर कोई समझौता नहीं था। हेलीकॉप्टर जब गिरा तो जमीन पर मौजूद कुछ लोग घायल हो गए थे और उनके मकानों को नुकसान पहुंचा था। श्रीकांत ने बताया कि इन लोगों का इलाज एक सरकारी अस्पताल में कराया गया और उन्हें निलंगा नगर परिषद ने अस्थाई आशियाना उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा कि इन लोगों को मुआवजा भी उपलब्ध कराया जाएगा और सरकार उनके मकानों का पुनर्निर्माण कराएगी।

**खास खबर : फोटो की जबानी**



अखिल भारतीय केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट संघ ने केंद्र के प्रस्ताव के विरोध में पटना में प्रदर्शन करते हुए।

### महाराष्ट्र में लड़कियों ने बाजी मारी

**पुणे, भाषा।** महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक बोर्ड की 12वीं कक्षा के नतीजे घोषित कर दिए गए जिसमें लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य में कुल 89.50 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस बार की परीक्षा में 93.20 फीसदी लड़कियों ने सफलता पाई तो उत्तीर्ण होने वाले लड़कों का प्रतिशत 86.65 रहा।

### गोवा सरकार का न्यूनतम साझा कार्यक्रम

**पणजी,भाषा।** गोवा के मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर ने कहा कि राज्य सरकार 18 जून को अपना न्यूनतम साझा कार्यक्रम (सीएमपी) पेश करेगी। राज्य विधानसभा के खंडित चुनाव परिणामों के बाद इस साल मार्च में कई अन्य छोटी पार्टियों के गठबंधन से भाजपा नेतृत्व वाली राज्य सरकार बनी। पिछले महीने पर्रिकर ने कहा था कि सरकार अपने सभी गठबंधन सहयोगियों -- भाजपा, गोवा फॉरवर्ड पार्टी, महाराष्ट्र गोमंतक पार्टी और निर्दलियों के परामर्श से एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम अंगीकृत करेगी। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने इससे पहले पर्रिकर से निर्णय लेने की प्रक्रिया में अपने गठबंधन सहयोगियों को विश्वास में लेने के लिये कहा था।

## धर्मनिरपेक्ष गठबंधन पर काम करेगी कांग्रेस

**गुवाहाटी ■ भाषा**

असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरूण गोगोई ने कहा है कि कांग्रेस राज्य में सभी धर्मनिरपेक्ष बलों के एक वृहद गठबंधन पर काम करना शुरू करेगी क्योंकि बंटा हुआ विपक्ष भाजपा के विजय रथ को रोकने में सक्षम नहीं होगा।

कांग्रेस के नेता ने यह भी कहा कि वह भाजपा की सत्ताधारी सहयोगी असम गण परिषद के साथ गठबंधन करने के विचार पर भी तैयार हैं। उन्होंने कहा, विपक्ष बंटा हुआ है, इसीलिए भाजपा और नरेंद्र मोदी चुनाव जीत रहे हैं। ऐसे समय पर हमें एकजुट होना चाहिए।



गोगोई ने कहा, मैंने सोनिया गांधी को इस बारे में बता दिया है। सांप्रदायिक ताकतों को रोकने के लिए हमें यहां-वहां छोटे मुद्दों पर समझौते करने होंगे। विपक्ष को एकजुट करने के कांग्रेस अध्यक्ष के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक ताकतों को रोकने के लिए गठबंधन धर्मनिरपेक्षता, लोकतांत्रिक मूल्यों, सहिष्णु प्रथाओं और भारत के एक समान सोच रखने वाले दलों की उदारवादी नीतियों पर आधारित होना चाहिए। गोगोई ने कहा, 'नरेंद्र मोदी 'वन मैन शो'(व्यक्ति केंद्रित सत्ता) चला रहे हैं।

संघवाद दांव पर लगा है। आप किसी व्यक्ति को कुछ समय के लिए ही मूर्ख बना सकते हैं, हमेशा नहीं।' उन्होंने इस बात की आशा जताई कि भविष्य में विपक्ष एकजुट होगा। आपातकाल का उदाहरण देते हुए गोगोई ने कहा, आप आपातकाल का उदाहरण लीजिए।

## दूसरे दिन भी बंद रहा कश्मीर-लेह राजमार्ग

**श्रीनगर ■ वार्ता**

कश्मीर में श्रीनगर-जम्मू और श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग तथा ऐतिहासिक मुगल रोड सुरक्षा कारणों की वजह से आज दूसरे दिन भी बंद रहा। हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) के कमांडर सब्जार अहमद भट समेत दो आतंकवादियों के शनिवार को दक्षिण कश्मीर के त्राल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे जाने के बाद कश्मीर घाटी में तनाव की स्थिति है। यातायात पुलिस के एक अधिकारी ने यूनीवार्ता को बताया कि घाटी को देश के दूसरे हिस्सों से जोड़ने वाला राजमार्ग सुरक्षा वजहों के कारण कल भी बंद रहा था।

## पशुओं की बिक्री पर गौर कर रहा है केंद्र

**नई दिल्ली ■ भाषा**

पशु बाजारों में वध के लिए जानवरों की खरीद बिक्री पर हालिया प्रतिबंध के बाद राज्यों और कुछ अन्य संगठनों के ज्ञापन पर केंद्र सरकार गौर कर रही है। यह बात मंगलवार को केंद्रीय मंत्री वेंकैया नायडू ने कही। नायडू ने यहां संवाददाताओं से कहा कि उच्चतम न्यायालय और पशुओं पर अत्याचार रोकने तथा तस्करी सहित पशु बाजार की मिलीभगत को तोड़ने के लिए बनी संसदीय समिति की कुछ टिप्पणियों के परिप्रेक्ष्य में ये नियम अधिसूचित किए गए थे। नायडू ने कहा,बहरहाल कुछ राज्य सरकारों और अन्य वाणिज्य संगठनों ने कुछ मुद्दे उठाए हैं। सरकार इन पर गौर कर रही है। पिछले हफ्ते नियमों को अधिसूचित करने वाले पर्यावरण मंत्रालय को इन पर अभी तक 13 ज्ञापन मिल चुके हैं। मंत्रालय ने कठोर पशु अत्याचार निवारण (पशु बाजारों का नियमितीकरण) नियम 2017 को अधिसूचित किया था जिसमें वध के लिए पशु बाजार से जानवरों की खरीद-फरोख्त पर प्रतिबंध लगाया गया है। निर्णय से मांस और चमड़ा व्यवसाय तथा निर्यात प्रभावित हो सकता है।

### पशु व्यापार पर पाबंदी भाजपा में घमासान

**शिलॉन्ग,वार्ता।** मेघालय में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने धमकी दी है कि अगर केंद्र सरकार पशुओं के व्यापार को लेकर जारी अधिसूचना को रद्द नहीं करती है, तो वे पार्टी छोड़ देंगे। मेघालय प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष जे ए लिंगदोह ने कहा, 'अगर केंद्र सरकार पशुओं के व्यापार को लेकर जारी अधिसूचना को रद्द नहीं करती है, तो हमारे पास जनता के हित में पार्टी छोड़ने के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के संभावित उम्मीदवारों के साथ ही भाजपा के अधिकतर नेता केंद्र सरकार की अधिसूचना से खुश नहीं हैं। लिंगदोह ने कहा कि भाजपा नेता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तथा मेघालय के प्रभारी नलिन कोहली से भी इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगेगे। उन्होंने कहा हमारी पार्टी के उम्मीदवार खाने की आदतों पर प्रतिबंध लगाने वाली अधिसूचना के साथ चुनाव कैसे लड़ सकते हैं? इस अधिसूचना को अवश्य रद्द करना चाहिये, नहीं तो हम सामूहिक तौर पर पार्टी छोड़ देंगे।

### विहिप की विशेष बैठक एक जून से हरिद्वार में --

**अयोध्या ■ भाषा।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) केन्द्रीय मार्गदर्शक मंडल की एक जून से हरिद्वार में आयोजित दो दिवसीय विशेष बैठक में श्रीरामजन्म भूमि पर मंदिर निर्माण और आतंकवाद जैसे मसलों पर गहन चिन्तन किया जायेगा। बैठक मे देश के दो सौ से ऊपर शीर्ष संत धर्माचार्य 31 मई को सायंकाल तक हरिद्वार पहुंच रहे है। दो दिवसीय बैठक के विभिन्न सत्रो मे श्रीराम जन्मभूमि की अद्यतन स्थित सहित कश्मीर मे चल रही आस्थिरता इस्लामिक आतंकवाद, गौरक्षा,गंगा की अविरलता जैसे विषयो पर मंथन करेंगे। विहिप प्रवक्ता शरद शर्मा के अनुसार केन्द्रीय मार्गदर्शक मंडल की विशेष बैठक वार्षिक कार्यक्रम का हिस्सा है।

**बिहार स्पोन्ज आयरन लिमिटेड**
**सीआईएन : L27106JH1982PLC001633**
**पंजी. कार्यालय :** उमेश नगर, चांडिल जिला सरायकेला खसावां, झारखंड–832401
**ई–मेल :** companysecretary@bsil.org.in **वेब :** www.bsil.org.in

**31 मार्च, 2017 को समाप्त तिमाही/वित्तीय वर्ष हेतु पृथक्कृत लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रू. हजार में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31–03–2017 लेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31–03–2016 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31–03–2017 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31–03–2016 लेखापरीक्षि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 11,110 | 7,579 | 24,262 | 23,470 |
| 2 | साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात | (2,482) | (19,698) | (47,809) | (58,706) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (असाधारण मदों के बाद) | (9,650) | (19,698) | (37,659) | (58,706) |
| 4 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रत्येक) | 902,054 | 902,054 | 902,054 | 902,054 |
| 5 | संचेय पूर्व लेखा वर्ष के तुलनपत्र के अनुसार पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर चतमअपवने ंबबवनदजपदह लमंत | (2,178,851) | (2,141,192) | (2,178,851) | (2,141,192) |
| 6 | प्रति शेयर अर्जन (ईपीएस) (असाधारण मदों से पहले) (रू. में) (वार्षिककृत नहीं) | | | | |
| क | मूल | -0.11 | -0.22 | -0.42 | -0.65 |
| ख | तनुकृत | -0.11 | -0.22 | -0.42 | -0.65 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (ईपीएस) (असाधारण मदों के बाद) (रू. में) (वार्षिककृत नहीं) | | | | |
| क | मूल | -0.11 | -0.22 | -0.42 | -0.65 |
| ख | तनुकृत | -0.11 | -0.22 | -0.42 | -0.65 |

**नोट :**
उपरोक्त विवरण स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए 31 मार्च, 2017 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। 31 मार्च, 2017 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट्स www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.bsil.org.in पर उपलब्ध है।

वास्ते बिहार स्पोन्ज आयरन लिमिटेड
हस्ता./–
यू.के. मोदी
(चेयरमैन)
(डीआईएन : 00002757)

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 29 मई, 2017